TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar


https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

जो कुछ हमारा है वो हम तक तभी पहुंचता है जब हम उसे ग्रहण करने की क्षमता विकसित करते हैं।



रविन्द्रनाथ टैगोर

राकेश कुमार

# दिवस विशेष

8 अगस्त

मधु प्रिया

## भारत छोड़ो आन्दोलन प्रस्ताव पारित 8 अगस्त




भारत छोड़ो आन्दोलन, द्वितीय विश्वयुद्ध के समय 8 अगस्त 1942 को आरम्भ किया गया था। यह एक आन्दोलन था जिसका लक्ष्य भारत से ब्रिटिश साम्राज्य को समाप्त करना था। यह आंदोलन महात्मा गांधी द्वारा अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के मुम्बई अधिवेशन में शुरू किया गया था। यह भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान विश्वविख्यात काकोरी काण्ड के ठीक सत्रह साल बाद 8 अगस्त सन 1942 को गांधीजी के आह्वान पर समूचे देश में एक साथ आरम्भ हुआ। यह भारत को तुरन्त आजाद करने के लिये अंग्रेजी शासन के विरुद्ध एक सविनय अवज्ञा आन्दोलन था। क्रिप्स मिशन की विफलता के बाद महात्मा गाँधी ने ब्रिटिश शासन के खिलाफ़ अपना तीसरा बड़ा आंदोलन छेड़ने का फ़ैसला लिया। 8 अगस्त 1942 की शाम को बम्बई में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के बम्बई सत्र में 'अंग्रेजों भारत छोड़ो' का नाम दिया गया था। हालांकि गाँधी जी को फ़ौरन गिरफ़्तार कर लिया गया था लेकिन देश भर के युवा कार्यकर्ता हड़तालों और तोड़फ़ोड़ की कार्यवाहियों के जरिए आंदोलन चलाते रहे। कांग्रेस में जयप्रकाश नारायण जैसे समाजवादी सदस्य भूमिगत प्रतिरोधि गतिविधियों में सबसे ज्यादा सक्रिय थे। पश्चिम में सतारा और पूर्व में मेदिनीपुर जैसे कई जिलों में स्वतंत्र सरकार, प्रतिसरकार की स्थापना कर दी गई थी। अंग्रेजों ने आंदोलन के प्रति काफ़ी सख्त रवैया अपनाया फ़िर भी इस विद्रोह को दबाने में सरकार को साल भर से ज्यादा समय लग गया।

Teachers
Of
Bihar

# आओं सीखें

## निर्देश (Direction )

शिक्षक या शिक्षा अधिकारी द्वारा छात्रों, शिक्षकों या कर्मचारियों को कार्य कैसे करना है – यह समझाने के लिए दिया गया मार्गदर्शन। यह बताता हैं कि कोई काम कैसे करना।

जैसे :- प्रधानाचार्य ने परीक्षा के संचालन के लिए निर्देश दिए।

VS


## निदेश (Order)

उच्च अधिकारी (जैसे – बीईओ, डीईओ, प्राचार्य) द्वारा अधीनस्थों को किसी कार्य को अवश्य करने हेतु दिया गया आदेश। यह बताता हैं कि कोई काम जरूर करना हैं।

जैसे :- न्यायाधीश ने आरोपी को जेल भेजने का निदेश दिया।

संक्षेप में :-

- निर्देश= "निर्देश" में मार्गदर्शन या सलाह की भावना होती है – जो बताया जाए कि क्या करना है।
- निदेश= "निदेश" में आज्ञा या हुक्म की भावना होती है – जो करना ही है।


पद्य पंकज
तुम रजनी के चॉद बनोगे ?
या दिन के मार्त्तण्ड प्रखर ?
एक बात है मुझे पछनी,
फूल बनोगे या पत्थर ?
रामधारी सिंह दिनकर
www.padyapankaj.teachersofbihar.org
Madhu priya


Teachers
Of
Bihar

"मनुष्य का वास्तविक धर्म है- सेवा करना , प्रेम करना और करुणा दिखाना"






www.teachersofbihar.org


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
मुंशी प्रेमचंद की परंपरा के
अग्रणी लेखक
भीष्म साहनी
की जयंती पर सादर नमन।
8 अगस्त 1915 - 11 जुलाई 2003
Madhu priya
www.teachersofbihar.org


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
भारत की पहली महिला
पायलट
सरला ठकराल
की जयंती पर सादर
नमन।
8 अगस्त 1914-15 मार्च 2008
Madhu priya
/teachersofbihar


8 अगस्त 1994
भारत के लिये भारोत्तोलन में
रजत पदक जीतने वाली
प्रथम महिला भारोत्तोलन
खिलाड़ी
साइखोम मीराबाई चानू
के जन्मदिवस पर हार्दिक
शुभकामनाएं।
Madhu priya
/teachersofbihar